**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.03.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे**

**प्रधानमंत्री तपेदिक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने तपेदिक–टीबी के खिलाफ अभियान में उल्लेखनीय प्रगति की है। हाल ही में संपन्न सौ–दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान से मिली महत्वपूर्ण जानकारियों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत न केवल टीबी से लड़ रहा है, बल्कि इसे हराने के लिए सक्रिय रूप से काम भी कर रहा है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला नगर निगम के पार्षदों से अपने–अपने वार्ड में 'नशामुक्त हिमाचल' अभियान को बढ़ावा देने और इसमें सक्रिय योगदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। राजभवन में कल नगर निगम शिमला के पार्षदों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर सुरेन्द्र चौहान और उप–महापौर उमा कौशल भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने पार्षदों के साथ शिमला शहर से जुड़ी विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की।

**इंदु गोस्वामी**

केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि परमाणु ऊर्जा विभाग में बैंगलुरू की कम्पनी के सहयोग से फूड सप्लीमेंट एक्टोसाइट लॉन्च किया है जो रेडिओथेरेपी की प्रक्रिया से गुजरने वाले कैंसर रोगियों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करता है। राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने ये जानकारी दी। जितेन्द्र सिंह ने बताया कि एक्टोसाइट टैबलेट के अच्छे परिणाम सामने आए हैं और इसके लाभों को अंतिम रूप देने के लिए क्लीनिकल ट्रायल किए जा रहे हैं।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, चिट्टा माफिया और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी 27 मार्च को शिमला के चौड़ा मैदान में विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ता व अन्य लोग इस दौरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार के अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और कांग्रस सरकार ने जनता से किए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है जिससे लोग ठगा महसूस कर रहे हैं।

**ई–डिटेक्शन सिस्टम**

प्रदेश में अब ई–डिटेक्शन सिस्टम लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है जिसके लिए सभी प्रकार के निजी व वाणिज्यिक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। चंबा के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन वाहनों पर एच.एस. आर.पी नहीं लगी होगी उनके वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 192 के अंतर्गत चालान हो सकता है और बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले वाहनों से संबंधित कोई भी कार्य नहीं किया जा सकेगा। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की सहायता से सी.सी.टी.वी कैमरों और अन्य तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके टोल प्लाजा पर गुजरने वाली हर गाड़ी के दस्तावेजों की जांच की जाती है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। जिसके चलते मैदानी क्षेत्रों में दिन के तापमान में बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। ऊना में पिछले कल अधिकतम तापमान 33 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि कल से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है और मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक राज्य के कुछ स्थानों पर तूफान के साथ वर्षा होने की संभावना जताई है।